Roll No. | | **261116**

हाईस्कूल परीक्षा / High School Examination **SET / सेट**

(मुख्य / Main) वर्ष / Year - 2026

C

सामाजिक विज्ञान - SOCIAL SCIENCE

(Hindi & English Versions)

Total Printed Pages : **16**	Total Questions : **23**	Time : **3** Hours	Maximum Marks : **75**

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नपत्र में दिए गए निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक **30** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न **1** अंक का है।

(iv) प्रश्न क्रमांक **6** से **23** तक आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक **6** से **17** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। उत्तर की शब्द सीमा **30** शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर **2** अंक हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक **18** से **20** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। उत्तर की शब्द सीमा **75** शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर **3** अंक हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक **21** एवं **22** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। उत्तर की शब्द सीमा **120** शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर **4** अंक हैं।

(viii) प्रश्न क्रमांक **23** का उत्तर दिए गए निर्देशानुसार भारत के रेखा मानचित्र पर दर्शाइये। इस प्रश्न पर **4** अंक हैं।

(ix) केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक **23** (भारत के रेखा मानचित्र) के स्थान पर एक अतिरिक्त सैद्धांतिक प्रश्न जिसमें **01** अंक वाले **04** प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।

☞ किसी भी प्रश्न के अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों के बीच विसंगति के मामले में हिंदी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।
In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

Instructions :

(i) All questions are **compulsory**.

(ii) Read the instructions of question paper carefully and write their answers.

(iii) Question No. **1** to **5** are **30** objective type questions. Each objective question carries **1** mark.

(iv) Internal options are given in question No. **6** to **23**.

(v) Question No. **6** to **17** are very short answer type questions. Word limit is **30** words. Each question carries **2** marks.

(vi) Question No. **18** to **20** are short answer type questions. Word limit is **75** words. Each question carries **3** marks.

261116

(vii) Question No. **21** and **22** are long answer type questions. Word limit is **120** words. Each question carries **4** marks.

(viii) Answer of Question No. **23** should be indicated on the outline map of India as directed.

(ix) For visually impaired candidates only one additional theoretical question in place of Question No. **23** (Line map of India) in which **04** questions carrying **01** mark each are objective type questions.

1 एक शब्द में उत्तर दीजिए: **1×6=6**

Answer in one word:

(i) सरकार का कौन–सा रूप बेहतर है?

Which is a better form of government?

(ii) विश्व की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग का नाम लिखिए।

Write the name of the world's longest Highway Tunnel.

(iii) प्रतिरक्षा और विदेशी मामले कौन–सी सूची में शामिल होते हैं?

In which list defence of the country and foreign affairs are included?

(iv) 1815 में वियना सम्मेलन की मेज़बानी किसने की थी?

Who hosted the Vienna Congress in 1815?

(v) सन् 1857 की क्रान्ति में मध्य प्रदेश का प्रमुख केन्द्र क्या था?

What was the main centre of Madhya Pradesh in the revolution of 1857?

(vi) मानव विकास सूचकांक कौन–सी संस्था जारी करती है?

Which organization releases Human Development Index?

2 **सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **1×6=6**

Choose and write the correct option :

(i) खाज्या नायक प्रतिदिन सूर्य पूजा करने कहाँ जाया करते थे?

(अ) मंदिर में (ब) पीपल के पेड़ के पास

(स) घर की छत पर (द) नदी के किनारे

Where did Khajya Nayak go to worship the sun everyday?

(a) In the temple (b) Near the peepal tree

(c) On the terrace of house (d) To the river bank

(ii) जापान की सबसे पुरानी 868 ई. में छपी पुस्तक है –

(अ) त्रिपीटका कोरियाना (ब) डायमंड सूत्र

(स) उकियो (द) सुबह का नजारा

The oldest Japanese book printed in 868 A.D. is :

(a) Tripitaka Koreana (b) Diamond Sutra

(c) An Ukiyo (d) A Morning Scene

(iii) भारत का पहला राज्य है, जिसने राज्य भर के सभी घरों में छत पर वर्षा जल संचयन संरचना अनिवार्य कर दी है:

(अ) राजस्थान (ब) मेघालय

(स) तमिलनाडु (द) हिमाचल प्रदेश

It is the first state in India which has made rooftop rainwater harvesting structures mandatory for all houses across the state:

(a) Rajasthan (b) Meghalaya

(c) Tamil Nadu (d) Himachal Pradesh

(iv) निम्नलिखित में कौन–सी एक क्रिया प्राथमिक क्षेत्रक की है?

(अ) मछली पकड़ना

(ब) विनिर्माण

(स) मिट्टी से ईंट बनाना

(द) गुड़ बनाना

Which one of the following activities belongs to primary sector?

(a) Fisheries

(b) Manufacturing

(c) To convert earth into bricks

(d) To make gur

(v) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा किया गया निवेश कहलाता है :

(अ) विदेशी निवेश (ब) पोर्टफोलियो निवेश

(स) म्यूचुअल निवेश (द) अन्तःसरकारी निवेश

Investments made by multinational companies is called :

(a) Foreign investments (b) Portfolio investments

(c) Mutual investments (d) Inter-government investments

(vi) लैंगिक विभाजन का अभिप्राय होता है:

(अ) स्त्री और पुरुष के बीच जैविक अन्तर

(ब) समाज द्वारा स्त्री और पुरुष को दी गई असमान भूमिकाएँ

(स) बालक और बालिकाओं की संख्या का असमान अनुपात

(द) लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में महिलाओं को मतदान का अधिकार न मिलना

Gender division means :

(a) Biological difference between men and women

(b) Unequal roles assigned by the society to men and women

(c) Unequal child sex ratio

(d) Absence of voting rights for women in democratic systems

3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **1×6=6**

Fill in the blanks :

(i) भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल _____ वर्ग किलोमीटर है।

Total geographical area of India is _____ sq. km.

(ii) कांडला पत्तन को _____ के नाम से भी जाना जाता है।

Kandla port is also known as the _____.

(iii) निर्धन परिवारों की ऋण की अधिकांश जरूरतें _____ स्रोतों से पूरी होती हैं।

Majority of the credit needs of the poor households are met from _____ sources.

(iv) स्मिथफील्ड में लंदन का सबसे पुराना _____ बाज़ार था।

One of the oldest _____ market in London was at Smithfield.

(v) नारी शक्ति वंदन अधिनियम वर्ष _____ में पारित किया गया।

Nari Shakti Vandan Adhiniyam has been passed in _____ (year).

(vi) विनोबा भावे द्वारा शुरू किए गए भूदान–ग्रामदान आंदोलन को _____ क्रांति का नाम भी दिया गया।

Bhoodan-Gramdan movement initiated by Vinoba Bhave is also known as the _____.

4 सत्य / असत्य लिखिए : **1×6=6**

Write True / False :

(i) औसत आय को राष्ट्रीय आय भी कहा जाता है।

Average income is also called national income.

(ii) इंग्लैंड के कपड़ा व्यवसायी स्टेप्लर्स से ऊन खरीदते थे और उसे सूत कातने वालों के पास पहुँचा देते थे।

Cloth merchants in England purchased wool from staplers and carried it to the spinners.

(iii) ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरो में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन हुआ था।

The first International Earth Summit held in the city Rio de Janeiro in Brazil.

(iv) संवैधानिक प्रावधानों और कानूनों के क्रियान्वयन की देख–रेख में न्यायपालिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

The Judiciary plays an important role in overseeing the implementation of Constitutional provisions and legal procedures.

(v) ज्युसेपी मेत्सिनी फ्राँस का एक क्रांतिकारी था।

Giuseppe Mazzini was a French revolutionary.

(vi) बेल्जियम में दो फीसदी लोग जर्मन बोलते हैं।

In Belgium two percent people speak German.

5 सही जोड़ी मिलाइये : **1×6=6**

	(क)		(ख)
(i)	महानदी बेसिन	(अ)	बेंगलुरू
(ii)	'वन्दे मातरम्'	(ब)	करेंसी
(iii)	श्रीलंका की राजधानी	(स)	हीराकुड परियोजना
(iv)	देश की सरकार उसे प्राधिकृत करती है	(द)	बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय
(v)	इलेक्ट्रॉनिक राजधानी	(इ)	सन् 1878

(vi) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट (फ) कोलम्बो

Match the correct pairs :

(A)		(B)	
(i)	Mahanadi Basin	(a)	Bengaluru
(ii)	'Vande Mataram'	(b)	Currency
(iii)	Capital of Sri Lanka	(c)	Hirakund Project
(iv)	Government of country authorizes it	(d)	Bankim Chandra Chattopadhyay
(v)	Electronic Capital	(e)	Year 1878
(vi)	Vernacular Press Act	(f)	Colombo

6 संघीय शासन व्यवस्था की दो विशेषताएँ लिखिए। **2**

Write two features of Federalism.

अथवा / OR

गठबंधन सरकार से क्या तात्पर्य है?

What is meant by Coalition Government?

7 पंचांग से क्या आशय है? **2**

What is meant by Almanac?

अथवा / OR

गाथा गीत से क्या आशय है?

What is meant by Gatha Geet?

8 'सूचना का अधिकार' क्या है? **2**

What is 'Right to Information'?

अथवा / OR

उपभोक्ता शोषण के कोई दो प्रकार लिखिए।

Write any two types of consumer exploitation.

9 'संसाधन' क्या है? **2**

What is 'Resource'?

अथवा / OR

सतत पोषणीय आर्थिक विकास का क्या अर्थ है?

What is the meaning of sustainable economic development?

10 लोकतंत्र में नागरिकों की क्या भूमिका है? किन्हीं दो बिंदुओं में लिखिए। **2**

What is the role of citizens in democracy? Write in two points.

अथवा / OR

लोकतंत्र में निर्णय लेने में देरी के कोई दो कारण लिखिए।

Write any two reasons that democratic government takes time to take decision.

11 ''बाघ परियोजना'' (प्रोजेक्ट टाईगर) क्या है? **2**

What is "Project Tiger"?

अथवा / OR

जैव विविधता क्या है?

What is Biodiversity?

12 ऋण की शर्तें किसे कहा जाता है? **2**

What is called the terms of credit?

अथवा / OR

'मुद्रा' क्या है?

What is 'Money'?

13 पारिस्थितिक तंत्र किसे कहते हैं? **2**

What is called an ecosystem?

अथवा / OR

भारतीय वन्यजीव (रक्षण) अधिनियम, 1972 के दो मुख्य प्रावधान लिखिए।

Write two main provisions of Indian Wildlife (Protection) Act, 1972.

14 विदेशी व्यापार क्या है? **2**

What is Foreign Trade?

अथवा / OR

बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से आप क्या समझते हैं?

What is meant by Multinational Companies?

15 जायद फसल क्या है? दो जायद फसलों के नाम लिखिए। **2**

What is Zaid crop? Write the names of two Zaid crops.

अथवा / OR

प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि क्या है?

What is Primitive Subsistence Farming?

16 'कार्न लॉ' क्या था? **2**

What was the 'Corn Laws'?

अथवा / OR

'वीटो' का क्या अर्थ है?

What is meant by 'Veto Power''?

17 भारत में कृषि पर आधारित किन्हीं चार उद्योगों के नाम लिखिए। **2**

Write the names of any four agro based industries of India.

अथवा / OR

विनिर्माण क्या है?

What is Manufacturing?

18 मनरेगा 2005 के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। **3**

Explain the objectives of implementing the MGNREGA 2005.

अथवा / OR

भारतीय अर्थव्यवस्था के प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रक को उदाहरण की सहायता से समझाइए।

With the help of example explain the primary and secondary sectors of the Indian Economy.

19 रेल परिवहन की अपेक्षा सड़क परिवहन क्यों अधिक महत्वपूर्ण है? तीन बिंदुओं में व्याख्या कीजिए। **3**

Why road transport is more important than rail transport? Explain in three points.

अथवा / OR

स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग क्या है? इसका प्रमुख उद्देश्य क्या है?

What is Golden Quadrilateral Super Highways? What is its major objective?

20 प्रथम विश्वयुद्ध के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन क्यों बढ़ा? **3**

Why did industrial production in India increase during the First World War?

अथवा / OR

विक्टोरिया कालीन ब्रिटेन में उच्च वर्ग के लोग–कुलीन और पूँजीपति वर्ग–हाथों से बनी चीजों को तरजीह क्यों देते थे?

Why in Victorian Britain, the upper classes - the aristocrats and the bourgeoisie preferred things produced by hand?

21 दल व्यवस्था क्या है? भारतीय राजनीति में दल व्यवस्था का महत्व स्पष्ट कीजिए। **4**

What is the Party System? Explain the importance of the party system in Indian politics.

अथवा / OR

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के किन्हीं चार कार्यों की व्याख्या कीजिए।

Explain any four functions of political parties performing in democracy.

22 निम्नलिखित को समझाइए : (कोई दो) **4**

(अ) सविनय अवज्ञा आंदोलन (ब) बारदोली सत्याग्रह

(स) बागानों में स्वराज (द) चौरी–चौरा घटना

Explain any **two** of the following :

(a) The Civil Disobedience Movement (b) Bardoli Satyagraha

(c) Swaraj in the Plantations (d) Chauri-Chaura Incident

अथवा / OR

असहयोग आंदोलन के किन्हीं चार कारणों की व्याख्या कीजिए।

Explain any four reasons of Non-cooperation Movement.

23 दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए : **4**

(i) मार्मागाओ

(ii) सिंगरौली

(iii) दिल्ली

(iv) बालाघाट

Show the following areas in the outline map of India :

(i)Marmagao

(ii)Singrauli

(iii)Delhi

(iv)Balaghat

अथवा / OR

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

(i) मुंबई हाई

(ii) तूतीकोरीन

(iii) कोरबा

(iv) नरोरा


Show the following areas in the outline map of India :

(i)Mumbai High

(ii)Tuticorin

(iii)Korba

(iv)Naraura



नोट :- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **23** के स्थान पर है।

Note :- The following question is only for visually impaired candidates in place of Question No. 23.

23 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए :

Answer the following questions in one word or one sentence :

(i) गोवा का लौह अयस्क निर्यातक पत्तन कौन–सा है?

Which is the iron ore exporting port of Goa?

(ii) भारत की राजधानी कौन–सी है?

Which is the capital of India?

(iii) मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित कोयला क्षेत्र कौन–सा है?

Which coal field is located on the border of Madhya Pradesh and Uttar Pradesh.

(iv) सीमेंट उद्योग का मुख्य कच्चा माल क्या है?

What is the basic raw material of cement industry?

अथवा / OR

(i) भारत के पश्चिम तटीय तेल शोधन क्षेत्र का नाम लिखिए।

Write the name of India's western part oil refining field.

(ii) गुजरात का सबसे महत्वपूर्ण तेल क्षेत्र क्या है?

What is the most important oil field of Gujarat?

(iii) छत्तीसगढ़ के प्रमुख कोयला क्षेत्र का नाम लिखिए।

Write the name of major coal field of Chhattisgarh.

(iv) उत्तर प्रदेश में कौन–सा आण्विक शक्ति संयंत्र केन्द्र स्थित है?

Which nuclear power plant is located in Uttar Pradesh?